# लोगों के करोड़ों रूपये लेकर भागे इनामी दो आरोपी सूरत से गिरफ्तार

## आरोपियों ने वीआईपी ट्रेड कंपनी के जरिये लोगों को प्रलोभन देकर धोखाधड़ी की थी


पुलिस ने लोगों से ठगी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- दोनों के खिलाफ गांधीनगर व मदनगंज पुलिस थाना में 31 प्रकरण सहित राज्य के भी बाहर भी मुकदमे दर्ज हैं

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। गांधीनगर थाना पुलिस ने वीआईपी कंपनी के जरिये प्रलोभन देकर सैकड़ों लोगों के करोड़ों रूपये समेटकर फरारी काट रहे 25-25 हजार के इनामी दो आरोपियों को सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ गांधीनगर पुलिस थाना व मदनगंज पुलिस थाना में 31 प्रकरण सहित राज्य के भी बाहर भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाशों में गांव हरमाड़ा किशनगढ़ निवासी लोकेश चौधरी (26) पुत्र हरचंद जाट व मीरा मार्ग कुचामन निवासी धीरज गटानी (26) पुत्र मनोज माहेश्वरी है।

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि आरोपियों ने वीआईपी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से फर्जी फॉरेक्स ट्रेडिंग कंपनी का गठन कर लोगों को कम समय में अधिक मुनाफा देने के लिये प्रलोभन देना शुरू कर दिया। अलग-अलग जगहों पर लग्जरी होटल में सेमिनार कर निवेश के लिये प्रेरित कर धन एकत्रित किया जाता रहा। सैकड़ों लोगों ने इनके झांसे में आकर जीवनभर की कमाई दाव पर लगा दी।

वीआरएफ एक्स सॉफ्टवेयर के जरिये ट्रेडिंग करने वाले आरोपी शुरूआती दौर में लोगों को करीब 8 से 12 प्रतिशत मुनाफा देने लग गये, जिसके चलते कई लोगों ने कम्पनी में मोटी रकम लगानी शुरू कर दी। कम्पनी की वेबसाइट पर निवेशकों द्वारा निवेश किये रुपयों को डालर के रूप में प्रदर्शित कर दिया जाता और प्रत्येक निवेशक की आईडी बनाकर आईडी में निवेश व मुनाफा साफ तौर दिखाया जाता, लेनदेन केवल नगद होता था। सिक्योरिटी के तौर पर चैक व फर्जी जमीन का एग्रीमेंट कर दिया करते थे, जिससे निवेशक अपने आपको सुरक्षित मानकर निवेश करने में आगे रहता, किंतु पिछले सात माह पूर्व संदेह होने पर लोगों ने तकाजा शुरू किया तो लोकेश चौधरी व अन्य आरोपी निवेशकों के करोड़ों रूपये हड़पकर फरार हो गये।

गांधीनगर थाना इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया कि आरोपियों के करीब 25 बैंक खातों को फ्रिज करने के लिये कार्यवाही शुरू कर दी है, सिक्योरिटी के तौर निवेशकों को बताई गई जमीन के बारे में भी पूछताछ की जायेगी। इससे पूर्व कंपनी के कैशियर बलवीर वैष्णव व नरेंद्र नामक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व बड्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज 31 मुकदमो को लेकर बारीकी से पड़ताल की जा रही है। पुलिस टीम में थाना इंचार्ज संजय शर्मा, हैंड कां. राजूराम, गिर्राज प्रसाद, सुनील मील, कांस्टेबल रामनिवास, बीरबल, सुरेंद्र सिंह, सीताराम, राजेंद्र शामिल रहे।

# तोषीणा गांव में अवैध शराब की फैक्टरी पर दबिश दी

## जमीन के भीतर अवैध रूप से शराब निर्माण करने का पूरा सेटअप मिला


डीडवाना के तोषिणा गांव में आबकारी विभाग ने अवैध शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी।

- अवैध शराब का जखीरा जमीन के अंदर छिपा रखा था
- शराब बनाने के लिए 200 लीटर स्प्रिट व अवैध शराब जब्त की गई

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना जिले के तोषिणा गांव में आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। इस कार्रवाई में आबकारी विभाग ने शराब बनाने के लिए 200 लीटर स्प्रिट और शराब सहित भारी मात्रा में शराब बनाने की सामग्री जैसे बार, कार्टन लेबल, खाली पव्वे, ढक्कन भी जब्त किए हैं।

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि ग्राम तोषीणा में अवैध रूप से शराब का निर्माण किया जा रहा है। इस पर अजमेर जोन के अतिरिक्त आयुक्त राधेश्याम डेलु एवं आबकारी निरोधक दल के उपायुक्त विजय जोशी के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी नागौर दानाराम व नावां वृत के आबकारी निरीक्षक मोहन सिंह निर्वाण के संयुक्त नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम तोषिणा में हंसराज बावरी के रिहायशी मकान पर छापा मारा, जहां जमीन के भीतर अवैध रूप से शराब निर्माण करने का पूरा सेटअप मिला। इस दौरान आबकारी पुलिस ने जब मिट्टी हटाकर तलाशी ली तो जमीन के नीचे बंकर बना मिला। इसके बाद आबकारी कार्मिकों ने बंकर में जाकर देखा तो वहां स्प्रीट के ड्रम, अवैध शराब बनाने की सामठी, खाली पव्वे, पैकिंग करने की मशीन, खाली पव्वे, ढक्कन, लेबल, कार्टन, तैयार की हुई शराब के कार्टन मौके पर पाए गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया। वहीं मौके से एक आरोपी फरार हो गया।

इस मामले में आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग के मुताबिक अवैध शराब का यह गोरखधंधा काफी लंबे समय से संचालित था। विभाग को इस अवैध फैक्ट्री से कई अन्य लोगों के जुड़े होने की जानकारी मिली है, जिसकी सघनता से जांच की जा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि अवैध शराब के निर्माण व विक्रय के इस मामले में अन्य कौन-कौन आरोपी शामिल है और इनका नेटवर्क कहां कहां सक्रिय है।

# डॉ. सतीश पूनियां ने मीरा महोत्सव में शिरकत की


महोत्सव के दौरान कार्यक्रम को डॉ. सतीश पूनियां ने संबोधित किया।

- सतीश पूनियां ने मीरा बाई व भगवान श्रीचारभुजा नाथ मंदिर के दर्शन किए
- भक्ति की इस नगरी मीरा नगरी में आकर में अपने आपको धन्य महसूस कर रहा हूं : डॉ. पूनियां

**मेड़ता सिटी,** (निसं)। मीरा नगरी मेड़ता सिटी में मीरा जयंती महोत्सव चरमोत्कर्ष पर है। भक्त शिरोमणि मीराबाई व भगवान श्रीचारभुजा नाथ मंदिर में भक्ति श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। दिन-रात भक्तों की भीड़ लगी रहती है।

**पूनिया ने मंदिर के किए दर्शन :** -डॉ. सतीश पूनियां ने मीरा बाई व भगवान श्रीचारभुजा नाथ मंदिर के दर्शन किए। उसके बाद मीरा जयंती महोत्सव का कार्यक्रम में शिरकत की। डॉ. सतीश पूनियां ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्ति की इस नगरी मीरा नगरी में आकर में अपने आपको धन्य महसूस कर रहा हूं। पूनियां ने मीरा जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत सहित कमेटी को मीरा नगरवासियों को धन्यवाद और साधुवाद दिया कि इस परम्परा को 521 साल बाद भी बनाए रखा है। इस प्रकार पूनियां ने महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर मीरा जयंती महोत्सव टीम का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व रेण स्थित अंतरराष्ट्रीय दरियाव धाम व मेड़ता किशन देव छतरी में दर्शन किए। सतीश पूनियां ने संत सज्जन राम महाराज, महंत हरिनारायण दादू पंथी से आशीर्वाद लिया।

इस दौरान मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरु, प्रधान संदीप चौधरी, महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत ने स्वागत किया। इस दौरान सचिव रविप्रकाश कमेडिया, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री रामेश्वर छाबा, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल, एडवोकेट रामकिशोर तिवाड़ी आदि मौजूद रहे।

मीरा बाई व ठाकुरजी की रजत रेवाड़ी के समक्ष खड़ी सप्ताह में दिन में महिलाएं और रात्रि में पुरुष मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार देर रात्रि को भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भक्ति निशा अनुष्ठा और अनुष्का भटनागर एण्ड पार्टी रतलाम म. प्र. और सौरव शर्मा, जयपुर द्वारा संगीतमय भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकम की स्थानीय प्रसिद्ध कलाकार ललित लहरिया द्वारा गणेश जी वंदना का भजन गायन करके भजन संध्या का शुभारंभ किया गया।

समारोह में हरियाणा भाजपा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू, मेड़ता नगर पालिका अध्यक्ष शोभा लाहोटी आदि अतिथियों द्वारा मां मीरा बाई के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान किन्नर समाज गादीपति राजकुमारी बाई, पालिका ईओ श्रवण राम चौधरी, गयाना राम रिणवा, किशनसिंह चंपावत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पालिका ई ओ श्रवण राम चौधरी का विषेश सम्मान किया गया।

मीडिया प्रभारी सुनील पुरी ने बताया कि 5 अगस्त एकादशी ध्वजारोहण कार्यकम आयोजित हुए जिसमें ध्वजा यजमान केदारमल खण्डेलवाल रहे। बैंड बाजे के साथ सपरिवार मंदिर पहुंचे जहां मीरा जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष जितेंद्र गहलोत, सचिव रवि प्रकाश कमेडिया, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बिड़ला सहित पदाधिकारियों ने मंदिर के बाहर माला पहनाकर अभिनंदन किया। उसके बाद ध्यजा पूजन एकादशी पंडित लक्ष्मीनारायण व्यास, पंडित मनीष व्यास के वैदिक मंत्रोंचार के द्वारा ध्वजा फहराई गई।

अखंड हरिकीर्तन के दौरान समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र गहलोत का नागरिकों ने माला और साफा पहनाकर किया सम्मान। इस दौरान माली समाज के अध्यक्ष जब्बार सिंह भाटी, मांगीलाल चौहान, पुखराज गहलोत, फ़क़ीर चंद शर्मा, गोरधनराम माली, चम्पालाल पंवार, माली समाज के अध्यक्ष जब्बार सिंह भाटी, मांगीलाल चौहान, पुखराज गहलोत, फ़क़ीर चंद शर्मा, गोरधन राम माली, चम्पालाल पंवार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# स्मार्ट मीटर लगाने पर हंगामा

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर शहर में स्मार्ट मीटर लगाने आए बिजली विभाग के ठेकेदार के कर्मचारियों और लोगों के बीच झड़प हो गई। पुलिस समझाने पहुंची तो उस पर पथराव किया। लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। आरोप है कि विरोध के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बुजुर्ग महिला का सिर फोड़ डाला। इसके बाद मोहल्लेवासी भड़क गए और पुलिसकर्मियों से हाथापाई पर उतर आए। यहां तक कि एक कॉन्स्टेबल को पकड़कर उसकी वर्दी फाड़ दी।

# हमला कर युवक के दोनों पैर तोड़े

## दोस्त महिला को भगा ले गया तो बदला लेने के लिए दूसरे दोस्त के दोनों पैर तोड़ दिये


घायल व्यक्ति को एमजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र स्थित शारदा चौराहा के पास देवनारायण सर्किल पर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। उसे घेरकर कुछ लोगों ने पाइप, टामी से मारा। इसके चलते उसके दोनों पैर टूट गए तो वहीं कमर और हाथ में भी चोटें लगी है।

जानकारी के अनुसार वारदात सोमवार रात की है। कैलाश माली (40) पुत्र अर्जुन माली निवासी संजय कॉलोनी को खाना बनाने के नाम पर बुलाया गया। वह शारदा चौराहे पर पहुंचा तो वहां एक व्यक्ति उसे देवनारायण सर्किल के पास वाली गली में ले गया। उसे कहा कि मेरे भाई को बुला लेता हूं फिर घर चलते हैं। कैलाश को कुछ संदिग्ध लगा तो वहां से जाने लगा। इस बीच कुछ लोग आए जिन्होंने उसे घेर लिया। पाइप, टामी से पीटना शुरू कर दिया। इतना बुरा मारा कि उसके दोनों पैर तोड़ दिए। सिर फोड़ दिया। कमर और हाथ में भी चोटें आई हैं। उसके बाद वे लोग भाग गए। पीड़ित ने बताया कि कुम्हारों के लड़के थे जिन्होंने उस पर हमला किया था। उस पर हमले की वजह पुरानी रंजिश नहीं थी। दरअसल उसका एक दोस्त किसी महिला को भगाकर ले गया। उससे नाराज होकर उन लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसे देर रात एमजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# पावटा में अधिवक्ताओं, स्टाम्प विक्रेताओं की हड़ताल शुरु


पावटा उपखण्ड कार्यालय में अधिवक्ताओं और स्टाम्प विक्रेताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू किया।

- पुलिस थाना भाभरू का क्षेत्राधिकार पावटा से बदलकर विराटनगर न्यायालय के अधीन किए जाने का विरोध

**पावटा,** (निसं)। कस्बे में मंगलवार को उपखण्ड कार्यालय में अधिवक्ताओं और स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा हड़ताल एवं अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। कस्बे के पावटा उपखंड कार्यालय स्थित तहसील परिसर में सोमवार की शाम सभी अधिवक्ताओं, स्टाम्प विक्रेताओं, डीड राइटर्स और दुकानदारों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस थाना भाभरू का क्षेत्राधिकार पावटा से बदलकर विराटनगर न्यायालय के अधीन किए जाने का भारी विरोध जतायाा और मांग रखी कि इसे अगर जल्द से जल्द विराटनगर से हटाकर पावटा में नहीं जोड़ा गया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पावटा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि पुलिस थाना भाभरू को मुंसिफ कोर्ट पावटा के अधीन जोड़ा गया था, जिसे निर्धारित मापदंडों के विरुद्ध पावटा कोर्ट से हटाकर 2 अगस्त 2025 से विराटनगर कोर्ट के अधीन कर दिया गया है, जो कि पूर्णतया गलत है। पुलिस थाना भाभरू के मुंसिफ कोर्ट पावटा से जुड़े रहने से पक्षकारान व पुलिस के समय व धन की बचत तो होगी ही साथ में फरियादियों को सस्ता व सुलभ न्याय उपलब्ध हो सकेगा, जिसे लेकर मंगलवार को अधिवक्तागणों, स्टाम्प विक्रेताओं, डीड राइटर्स और दुकानदारों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस थाना भाभरू को पुन: मुंसिफ कोर्ट पावटा के अधीन जुड़वाने की मांग की है।

एडवोकेट विष्णु कुमार शर्मा, सीताराम सैनी, दिलीप सिंह शेखावत, सुल्तान यादव ने बताया कि हड़ताल के कारण पावटा क्षेत्र में न्यायिक और पंजीयन कार्य पूरी तरह से ठप हो जाएंगे। इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो सकती है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं, तब तक हड़ताल व धरना जारी रहेगा। इस दौरान पावटा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, सचिव सुरेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव अनील, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल मौर्य सहित एडवोकेट विष्णु शर्मा, दिलीप शेखावत, लोकेश शर्मा, कमलकांत शर्मा, गौरव, मुकेश स्वामी, नरेश यादव, बीएल आर्य, रतिराम मीणा, राजेंद्र चौधरी, किशोर यादव, मेहरसिंह चौधरी अधिवक्ताओं, अभिभाषक, स्टाम्प पेपर विक्रेता और दुकानदार मौजूद रहे।

# पावटा उपडाकघर में सर्वर ठप, राखी भेजने सहित अन्य काम दूसरे दिन भी बाधित

## उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा, 'स्लो सर्विस' ने बहनों की चिंता बढ़ाई

- निजी कोरियर कंपनियों की ओर भाग रहे लोग, महंगी दरों से परेशान

**पावटा,** (निसं)। चार अगस्त से देशभर में सॉफ्टवेयर 2.0 पर काम होना था। डाक विभाग कई दिनों से अपडेशन काम में लगा हुआ था। दावा था कि सभी काम पूरे कर लिए गए हैं। सोमवार से काम सुचारु रूप से होंगे। सोमवार को डाकघर खुले तो सॉफ्टवेयर नहीं चला। इससे आए लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन नजदीक है, लेकिन इस पवित्र पर्व से पहले पावटा में पोस्ट ऑफिस की 'स्लो सर्विस' ने बहनों की चिंता बढ़ा दी है। डाकघरों में नए सॉफ्टवेयर अपडेशन में तकनीकी खामी के कारण काम नहीं हो रहे, जिससे राखी समय पर भेजना एक चुनौती बन गई है।

मंगलवार को भी डाकघर खुले तो सॉफ्टवेयर नहीं चला। रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक है, लेकिन पावटा स्थित उप डाकघर में पिछले कई दिनों से सर्वर ठप होने के चलते रजिस्ट्री और पार्सल बुकिंग जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं पूरी तरह से बाधित हो गई हैं। इससे राखी भेजने वाले हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाक विभाग की ओर से अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे राखी और उपहार समय पर भेजने के लिए अब महंगे निजी कोरियर का सहारा ले रहे हैं। स्थानीय निवासी ने बताया, राखी भेजने आया था, लेकिन यहां कहा गया कि सर्वर नहीं चल रहा। कोई स्पष्ट जवाब भी नहीं मिल रहा। वहीं एक बहन ने कहा, अगर राखी समय पर नहीं पहुंची तो भाई की कलाई सूनी रह जाएगी। रक्षाबंधन का पर्व बहन-भाई के प्रेम का प्रतीक है, लेकिन सरकारी अव्यवस्थाओं के कारण इस प्रेम में तकनीकी बाधा बन रही है। आमजन डाक विभाग से त्वरित समाधान की मांग कर रहे हैं। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। न तो कोई तकनीकी टीम भेजी गई और न ही कोई वैकल्पिक डेस्क शुरू की गई। जहां एक ओर डिजिटल इंडिया की बात होती है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में तकनीकी अव्यवस्था त्योहारों की खुशियों पर पानी फेर रही है। डाक विभाग में सॉफ्टवेयर अपडेशन लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। मंगलवार को भी सुबह से सॉफ्टवेयर के न चलने से पावटा उप डाकघर में काम ना के बराबर रहा। स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, नकदी जमा-निकासी व अन्य काम न होने से लोग परेशान रहे। मुख्य डाकघर में आए लोगों की कर्मचारियों से खूब नोकझोंक हुई।

पावटा उपडाकघर पोस्टमास्टर छगन लाल ने बताया कि 4 अगस्त नया सॉफ्टवेयर 2.0 पर काम होना था, लेकिन सॉफ्टवेयर अपडेशन की समस्या के कारण इस तरह की दिक्कत आ रही है, जिससे उपभोक्ताओं को भी परेशान होना पड़ रहा है।

मंगलवार को डाकघर खुले तो सॉफ्टवेयर कभी चला तो कभी नहीं चला। बेबस कर्मचारी व्यवस्था जल्द शुरू होने का आश्वासन देते रहे। रक्षाबंधन जैसे भावनात्मक पर्वों पर यदि सरकारी सेवाएं विश्वसनीय नहीं बनेंगी, तो लोगों का भरोसा डगमगाएगा। डाक विभाग को चाहिए कि त्योहारों से पहले ही टेक्निकल अपग्रेड और ट्रायल पूरे कर लिए जाएं।

# महिला की हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

**अजमेर,** (निसं)। क्लाक टावर थाना इलाके में सोमवार की रात पति ने अपनी पत्नी को पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी और घटना के बाद वह फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश देने के बाद खटिक मौहल्ले से लक्ष्मण खटीक को गिरफ्तार कर लिया।

पहले परिजन ने पुलिस को बताया कि सीमा गुजराती की सीढ़ियों से गिरने से मौत हुई है, लेकिन पुलिस को मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच करते हुए परिजन से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर पता चला कि लक्ष्मण खटीक व सीमा गुजराती करीब 6 साल से पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे। लक्ष्मण के भाई सुरेश द्वारा पुलिस में दी गई रिपोर्ट में बताया कि करीब 6 साल पहले सीमा के पति की मौत होने के बाद से ही सीमा लक्ष्मण के साथ रहने लगी और लक्ष्मण शराब पीने का आदी है, जिसके साथ आए दिन सीमा से मारपीट करता रहता था। घटना के पहले दोनों ने जम कर शराब का सेवन किया और विवाद होने पर गुस्से में पति ने पत्नी की हत्या कर दी।

# मंदिर विवाद : सर्वसमाज ने रेगर समाज पर गंभीर आरोप लगाए

## सांगानेर में स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर को लेकर सर्वसमाज व रेगर समाज के बीच विवाद ने तूल पकड़ा

- रेगर समाज के कुछ व्यक्तियों पर मंदिर पर जबरन कब्जा करने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। उपनगर सांगानेर में स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर को लेकर सर्वसमाज और रेगर समाज के बीच चल रहा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। सर्वसमाज के लोगों ने सुभाषनगर थाने में एक लिखित शिकायत देकर रेगर समाज के कुछ व्यक्तियों पर मंदिर पर जबरन कब्जा करने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता लालचंद पुत्र बंशीलाल धोबी के अनुसार, रामदेव कॉलोनी में स्थित बाबा रामदेव मंदिर का निर्माण सभी मोहल्लेवासियों और सर्वसमाज के सहयोग से हुआ है। आरोप है कि पिछले 5-7 दिन से रेगर कॉलोनी में स्थित बाबा रामदेवजी मंदिर समाज के कुछ लोग मंदिर में पूजा दबाव बना रहे हैं कि यह मंदिर केवल रेगर समाज का है। लालचंद ने अपनी शिकायत में बताया कि जब मोहल्लेवासियों ने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपी व्यक्तियों ने दंगा-फसाद कराने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि गत 31 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे जब वे और अन्य लोग मंदिर में पूजा कर रहे थे, तब कुछ लोग लाठियां लेकर आए और उन्होंने गाली-गलौज की। उन्होंने मंदिर पर रेगर समाज का नाम लिखने की कोशिश की, जिसका विरोध करने पर मारपीट भी हुई। अर्चना करने से रोक रहे हैं और यह सर्वसमाज के लोगों ने आरोप लगाया है कि इस घटना के बाद उन्होंने सुभाषनगर थाने में एक रिपोर्ट दी थी, लेकिन आरोपियों ने बदले की भावना से स्वर्ण जाति के लोगों को निशाना बनाकर एक झूठा एससी/एसटी मुकदमा दर्ज करा दिया। शिकायत में कहा गया है कि इस झूठे मुकदमे से पूरे हिंदू समाज में भारी रोष है। सर्वसमाज ने थाने से मांग की है कि रेगर समाज द्वारा दर्ज कराए गए इस मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस मामले को लेकर सर्वसमाज के कई लोगों ने हस्ताक्षर कर एक ज्ञापन भी सौंपा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपील की है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और दोनों पक्षों की बात सुनकर एक निष्पक्ष जांच करें, ताकि कॉलोनी का सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे और किसी भी निर्दोष व्यक्ति को गलत तरीके से फंसाया न जा सके।